"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2010-2012."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 22] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 1 जून 2012—ज्येष्ठ 11, शक 1934

विषय—सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं, (2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) छत्तीसगढ़ विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद में पुर:स्थापित विधेयक, (ख) (1) अध्यादेश, (2) छत्तीसगढ़ अधिनियम, (3) संसद के अधिनियम, (ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 18 मई 2012

क्रमांक ई-01-02/2012/एक/2.—सुश्री शिखा राजपूत, भा.प्र.से. (2008) अपर कलेक्टर, रायपुर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, महासमुन्द के पद पर पदस्थ किया जाता है.

2. श्री चंद्रकांत उइके, राप्रसे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, महासमुन्द को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक, अपर कलेक्टर, रायपुर के पद पर पदस्थ किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सुनिल कुमार, मुख्य सचिव.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2012.

रायपुर, दिनांक 10 मई 2012

क्रमांक एफ 3-5/2011/1-7.—इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 12-05-2011 द्वारा राज्य के जिला दंतेवाड़ा के चिन्तलनार क्षेत्र में हुई नक्सलवादी एवं पुलिस मुठभेड़ व आगजनी की घटना की न्यायिक जांच के लिये विशेष जांच आयोग का गठन किया गया है. आयोग द्वारा तीन माह के भीतर राज्य शासन को जांच रिपोर्ट सौंपी जानी थी.

2. निर्धारित समयावधि में जांच कार्य पूर्ण न होने के फलस्वरूप इस विभाग के समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 08-08-2011 द्वारा आयोग के कार्यकाल में तीन माह एवं अधिसूचना दिनांक 18-11-2011 द्वारा पुन: छ: माह की समयवृद्धि की गई थी. चूंकि जांच प्रक्रिया अभी पूर्ण नहीं हुई है, अत: राज्य शासन एतद्द्वारा आयोग के कार्यकाल में 6 माह (दिनांक 12-05-2012 से दिनांक 11-11-2012 तक) की और समयवृद्धि करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. आर. मिश्रा, संयुक्त सचिव.

श्रम विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 28 अप्रैल 2012

क्रमांक एफ 4-11/2012/16.—असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 की धारा 3 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा असंगठित कर्मकारों के लिए निम्नानुसार योजना बनाती है :—

(अ) **योजना का प्रावधान :—**

(i) योजना का नाम "मुख्यमंत्री असंगठित कर्मकार सिलाई मशीन सहायता योजना 2012" होगा.

(ii) योजना के अंतर्गत सिलाई मशीन प्रतिवर्ष प्रदेश के पंजीकृत असंगठित महिला कर्मकारों को प्रदाय किया जावेगा.

(iii) योजना के प्रावधान अधिसूचना दिनांक से प्रभावशील होगा.

(ब) **योजना हेतु पात्रता :—**

(i) यह योजना असंगठित महिला कर्मकार जो सिलाई, कढ़ाई, बुनाई (दर्जी) का काम करती है एवं किसी नियोजक के यहां कार्यरत है अथवा स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ कर अपना एवं अपने परिवार का जीवन-यापन करते हैं एवं प्रदेश के किसी भी जिले में पंजीकृत हो, को प्रदाय किया जावेगा.

(ii) पंजीकृत महिला श्रमिक की आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष आयु समूह.

(iii) मंडल द्वारा लागू सायकल सहायता योजना तथा राज्य शासन के अन्य विभागों द्वारा लागू किये गये किसी अन्य योजनांतर्गत सिलाई मशीन हेतु सहायता/लाभ न प्राप्त किया हो.

(iv) जो कर्मकार सायकल सहायता योजना अंतर्गत लाभ लेगा वह सिलाई मशीन सहायता योजना अंतर्गत लाभ लेने के पात्र नहीं होंगे.

(v) योजना का लाभ राज्य शासन के समानांतर किसी अन्य योजना से प्राप्त कर रहा है, तो इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा.

(स) **योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—**

(i) आवेदिका के स्वयं के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन करने पर.

(ii) आवेदन में पंजीयन क्रमांक अंकित किया जाना आवश्यकता है.

(iii) आवेदन संबंधित क्षेत्राधिकारिता के जिला कलेक्टर द्वारा अधिकृत किये गये अधिकारी के कार्यालय में जमा किया जावेगा.

(द) **स्वीकृति का अधिकार :—**

(i) योजना के अंतर्गत स्वीकृति का अधिकार संबंधित जिले के कलेक्टर, सहायक श्रम आयुक्त अथवा श्रम पदाधिकारी एवं कलेक्टर द्वारा नियुक्त 1 अन्य अधिकारी की समिति को होगा.

(ई) विसंगति का निराकरण :—

(i) योजना में उल्लेखित शर्तो/नियमों के अतिरिक्त यदि कोई विसंगति उत्पन्न होती है, उस स्थिति में सचिव, छत्तीसगढ़, असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल का इस संबंध में निर्णय अंतिम माना जावेगा.

रायपुर, दिनांक 28 अप्रैल 2012

क्रमांक एफ 4-11/2012/16.— असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 की धारा 3 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा असंगठित कर्मकारों के लिए निम्नानुसार योजना बनाती है :—

(अ) योजना का प्रावधान :—

(i) योजना का नाम "असंगठित कर्मकार गंभीर बीमारी चिकित्सा सहायता योजना 2012" होगा.

(ii) पंजीकृत असंगठित कर्मकार जो गंभीर बीमारी से पीड़ित होने पर इलाज हेतु रुपये 50,000/- की चिकित्सा सहायता प्रदान की जायेगी.

(iii) योजना के प्रावधान छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन के दिनांक से प्रभावशील होगा.

(iv) योजना के अंतर्गत गंभीर बीमारी में किडनी, कैंसर, सिकलिंग, (सिकलसेल एनिमिया) हृदय रोग, एड्स एवं लकवा रोग सम्मिलित होंगे.

(ब) योजना की पात्रता :—

(i) योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रदेश असंगठित कर्मकारों का मण्डल में कम से कम 90 दिवस पूर्व पंजीयन होना आवश्यक हैं.

(ii) 18 से 60 वर्ष की उम्र के असंगठित कर्मकार इस योजना के लिए पात्र होंगे.

(iii) असंगठित कर्मकार का हिताधिकारी के रूप में अधिनियम की धारा 10 के अंतर्गत पंजीयन होना चाहिए.

(iv) योजना का लाभ एक बार प्राप्त होगा.

(v) योजना का लाभ राज्य शासन के समानांतर किसी अन्य योजना से प्राप्त कर रहा है, तो इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा.

(स) योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—

(i) असंगठित कर्मकार की चिकित्सा सहायता हेतु स्वत: द्वारा संबंधित क्षेत्राधिकारिता के जिला कलेक्टर द्वारा अधिकृत किये गये अधिकारी के कार्यालय को निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत किया जावेगा.

(ii) आवेदन पत्र के साथ संबंधित बीमारी के संबंध में विकासखंड चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा. संबंधित चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी किये गये प्रमाण पत्र में संबंधित बीमारी के चिकित्सा खर्च की अनुमानित व्यय का उल्लेख किया जाना आवश्यक है.

(द) स्वीकृति का अधिकार :—

(i) योजना के अंतर्गत स्वीकृति का अधिकार संबंधित जिले के कलेक्टर, सहायक श्रम आयुक्त अथवा श्रम पदाधिकारी एवं कलेक्टर द्वारा नियुक्त 1 अन्य अधिकारी की समिति को होगा.

(ii) स्वीकृत किये गये राशि संबंधित हितग्राही को एकाउंट पेयी चेक के माध्यम से भुगतान किया जावेगा.

(ई) विसंगति का निराकरण :—

(i) योजना में उल्लेखित शर्तो/नियमों के अतिरिक्त यदि कोई विसंगति उत्पन्न होती है, उस स्थिति में सचिव, छत्तीसगढ़, असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल का इस संबंध में निर्णय अंतिम माना जावेगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जी. आर. मालवीय, उप-सचिव.

ग्रामोद्योग विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 14 मार्च 2012

क्रमांक एफ 1-26/2001/(6) 52.—शासन एतद्द्वारा राज्य के कुम्हारी (पोटरी) एवं मिट्टी के कार्य करने वाले कुंभकारों/कारीगरों के व्यवसाय में वृद्धि तथा आर्थिक, तकनीकी विकास एवं विपणन आदि सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्रामोद्योग विभाग के अंतर्गत छ.ग. माटीकला बोर्ड का गठन निम्नानुसार करता है :—

1. **बोर्ड के क्षेत्राधिकार में निम्नांकित विषय होंगे :—**

    1. कुम्हारी कार्य उद्योगों से संबंधित अधोसंरचना जैसे बिजली, पानी पहुंच मार्ग की व्यवस्था के संबंध में निरीक्षण एवं सुझाव देना.

    2. बोर्ड अपनी आवश्यकता के अनुसार छत्तीसगढ़ के अंदर एवं छत्तीसगढ़ के बाहर कहीं भी अन्य इकाईयां, कार्यालय, एम्पोरियम तथा एजेंसी नियुक्त व स्थापित कर सकेगा.

    3. माटीकला के माध्यम से कुम्भकारों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना, अधिकाधिक रोजगार के लिये प्रशिक्षण आदि संचालित करना.

    4. परम्परागत एवं प्रशिक्षित शिल्पियों के डिजाईन विकास अधिकाधिक उत्पादन एवं उत्पादन में ग्लेजिंग आदि की व्यवस्था के लिये तकनीकी कार्यशालाएं, प्रशिक्षण एवं अन्य आवश्यक विकासात्मक गतिविधियां जैसे नवीनतम औजार उपकरण, कर्मशाला निर्माण, ब्याज अनुदान सहायता आदि सहायता उपलब्ध कराकर कार्यवाही करना.

    5. परम्परागत एवं प्रशिक्षित शिल्पियों को विपणन सुविधा उपलब्ध कराने के दृष्टि से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार का ज्ञान कराना, प्रचार-प्रसार तथा प्रदर्शनियों का आयोजना करना.

    6. शिल्पियों को विक्रय कला में निपुण करने तथा क्रेता-विक्रेता संवाद, बाजार मांग आदि को दृष्टिगत रखते हुए आयोजित प्रदर्शनियों में बारी-बारी से कुंभकार हितग्राहियों को सम्मिलित किया जावेगा तथा बोर्ड के संचालक मण्डल द्वारा निर्धारित नीति अनुसार व्यय की प्रतिपूर्ति की जावेगी.

    7. कुंभकारों के सर्वांगीण विकास के लिये नीतियां बनाना, शासन से विभिन्न योजनाएं स्वीकृत करना, बजट प्राप्त करना तथा तदनुसार योजनाओं का क्रियान्वयन करना.

    8. भारत सरकार विशेषकर विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), भारत सरकार एवं खादी आयोग द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन करना.

    9. माटी कार्य कुम्हारी (पोटरी) एवं शिल्प उद्योग के लिये नीति का निर्माण करने तथा विनियोजन, अनुदान, वेट टैक्स, विद्युत दरों आदि में इस उद्योग को सुविधा न प्रदान करने पर सुझाव देना.

    10. केन्द्र सरकार, राज्य सरकार एवं सार्वजनिक क्षेत्र से माटी कार्य करने वालों को सुविधाएं एवं सेवायें उपलब्ध कराने के संबंध में समन्वय की व्यवस्था करना.

    11. माटी का कार्य करने वाले कारीगरों एवं उद्योगों की समस्याओं का निराकरण करने का सुझाव दे-

2. **बोर्ड का संचालक मण्डल :—** छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड के सदस्य निम्नानुसार होंगे :—

बोर्ड का संचालक मण्डल :—

1. शासन द्वारा नामित व्यक्ति — अध्यक्ष

2.	सचिव, छत्तीसगढ़ शासन ग्रामोद्योग विभाग या नामांकित प्रतिनिधि जो उप सचिव या उससे उच्च स्तर का हो.	सदस्य
3.	सचिव, छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग या नामांकित प्रतिनिधि (जो उप सचिव या उससे उच्च स्तर का हो)	सदस्य
4.	सचिव छत्तीसगढ़ शासन राजस्व विभाग या नामांकित प्रतिनिधि (जो उप सचिव या उससे उच्च स्तर का हो)	सदस्य
5.	प्रबंध संचालक, छ.ग. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड	सदस्य
6.	निदेशक, राज्य कार्यालय खादी और ग्रामोद्योग आयोग	सदस्य
7.	अशासकीय सदस्य-अधिकतम पांच	शासन द्वारा नामांकित
8.	प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड	सदस्य सचिव

टीप :— बोर्ड के संचालक मण्डल में कुम्हारी (पोटरी) एवं समाज सेवा से जुड़े हुये कुम्भकारों/व्यक्तियों को अशासकीय सदस्य के रूप में मनोनीत किया जा सकेगा.

3. **बोर्ड के प्रबंध संचालक** :— बोर्ड के प्रबंध संचालक, ग्रामोद्योग विभाग के सचिव अथवा शासन द्वारा नामांकित भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी होंगे. प्रबंध संचालक बोर्ड का सदस्य सचिव भी होगा.

4. **पदाधिकारियों का कार्यकाल** :— शासन द्वारा नामांकित अध्यक्ष एवं अशासकीय सदस्यों का कार्यकाल शासन द्वारा निर्धारित अवधि अथवा शासन की मंशानुसार होगा.

6. **बोर्ड के अध्यक्ष एवं सदस्यों को देय सुविधाएं** :— संवैधानिक प्रावधान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गठित मंडल, आयोग, निगम, सार्वजनिक उपक्रम, स्वायत्तसायी संस्थाओं के अध्यक्षों एवं सदस्यों को प्राप्त सुविधायें, वेतन भत्ते आदि इस बोर्ड के अध्यक्ष एवं सदस्यों को देय होंगे. इस संबंध में समय-समय पर शासन द्वारा जारी आदेश/निर्देश लागू होंगे.

7. **बोर्ड के कार्य** :—
   1. कुम्हारी कार्य उद्योगों से संबंधित अधोसंरचना जैसे बिजली, पानी पहुंच मार्ग की व्यवस्था के संबंध में निरीक्षण एवं सुझाव देना.
   2. माटी कला के माध्यम से कुम्भकारों को स्वरोजगार के अंवसर उपलब्ध कराना अधिकाधिक रोजगार के लिये प्रशिक्षण आदि संचालित करना.
   3. परम्परागत एवं प्रशिक्षित शिल्पियों के डिजाईन विकास, अधिकाधिक उत्पादन एवं उत्पादन में ग्लेजिंग आदि की व्यवस्था के लिये तकनीकी कार्यशालाएं, प्रशिक्षण एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही करना.
   4. परम्परागत एवं प्रशिक्षक शिल्पियों को विपणन सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार का ज्ञान कराना प्रचार-प्रसार तथा प्रदर्शनियों का आयोजन करना.
   5. कुम्भकारों के सर्वांगीण विकास के लिये नीतियां बनाना, शासन से विभिन्न योजनाएं स्वीकृत कराना, बजट प्राप्त करना तथा तदनुसार योजनाओं क्रियान्वयन करना.
   6. भारत सरकार विशेषकर विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), भारत सरकार एवं खादी आयोग द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन करना.

7. माटी कार्य कुम्हारी (पोटरी) एवं शिल्प उद्योग के लिये नीति का निर्माण करने तथा विनियोजन, अनुदान, वेट टैक्स, विद्युत दरों आदि में इस उद्योग को सुविधा प्रदान करने पर सुझाव देना.

8. केन्द्र सरकार, राज्य सरकार एवं सार्वजनिक क्षेत्र से, माटी कार्य करने वालों को सुविधाएं एवं सेवायें उपलब्ध कराने के संबंध में समन्वय की व्यवस्था करना.

9. माटी का कार्य करने वाले कारीगरों एवं उद्योगों की समस्याओं का निराकरण करने का सुझाव देना.

10. माटीकला उद्योगों से संबंधित अधोसंरचना की सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, सड़क आदि की व्यवस्था एवं औद्योगिक क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर शेड आवंटन के लिये सुझाव देना.

11. प्रदेश में मिट्टी की मूर्तियां, खिलौने, वर्तन, कवेलू, ईंट आदि उद्योगों के विकास के लिये वेट टैक्स, खनिज रायल्टी, वित्तीय सहायता, अनुदान की व्यवस्था ताकि इस उद्योग में कार्य करने वाले कामगारों को अपने निवेश पर पर्याप्त लाभ हो सके.

12. बैंक, वित्तीय संस्थाओं से नये उद्योग स्थापित करने के लिये नियमों का सरलीकरण एवं इस उद्योग में लगने वाले कच्चे माल की व्यवस्था रियायती दरों पर करना.

13. इस उद्योग के विकास हेतु कच्चे माल प्राप्ति के लिये नियमों का सरलीकरण एवं इस उद्योग में लगने वाले कच्चे माल की व्यवस्था रियायती दरों पर करना.

14. निर्यात को प्रोत्साहित करना. अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी, प्रचार-प्रसार एवं अध्ययन दल भेजना.

15. शासकीय खरीदी में प्राथमिकता देने के संबंध में नीति बनाना.

16. नवीन तकनीकी का विकास एवं अध्ययन प्रवास पर कार्यवाही करना.

17. कुम्भकारों को लगने वाले औजार-उपकरण, कर्मशाला शेड, ब्याज प्रतिपूर्ति, अध्ययन प्रवास आदि के संबंध में योजना बनाकर बजट प्राप्त करना एवं कुम्भकारों, स्व-सहायता समूहों, स्वयंसेवी संस्थाओं, गठित समितियों को आर्थिक सहायता प्रदान करना तथा इनके माध्यम से योजना संचालित करना.

18. राज्य स्तरीय पुरस्कार का आयोजन करना एवं राष्ट्रीय पुरस्कार के लिये कार्यवाही करना.

19. उपरोक्त के अतिरिक्त कुम्हारी उद्योग के जुड़े हुये हितग्राहियों के लिये विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं बनाना, जिसमें पेंशन योजना, चश्मा प्रदाय योजना, डिजाईन तकनीकी संस्थानों में बच्चों की शिक्षा आदि के लिए योजना बनाना शामिल है.

20. राज्य शासन द्वारा समय-समय पर निर्देशित कार्यों का निर्वहन करना.

8. **बोर्ड के अधीन अमला :—** शासन द्वारा बोर्ड के गठन के बाद आवश्यकता के अनुसार समय-समय पर वित्त विभाग के अनुमोदन पश्चात् अमला स्वीकृत कर पदस्थ किया जावेगा.

वर्तमान में वित्त विभाग द्वारा "छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड" के गठन हेतु वर्तमान में निम्नानुसार 19 पदों के सृजन की सहमति उनके यू.ओ. क्रमांक 111/बजट-5/वित्त/चार 2010 दिनांक 02-03-2012 द्वारा सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई है :—

मुख्यालयीन स्तर पर

क्र. (1)	सृजित पद का नाम (2)	पद संख्या (3)	वेतनमान+ग्रेड वेतन (4)
1.	महाप्रबंधक	01	15600-39100+7600

(1) [illegible]	(2) [illegible]	(3) [illegible]	(4) [illegible]
2.	प्रबंधक	02	15600-39100+6600
3.	विकास अधिकारी	02	15600-39100+5400
4.	लेखाधिकारी	01	15600-39100+5400
5.	शीघ्र लेखक ग्रेड-3	02	5200-20200+2800
6.	लेखापाल	01	5200-20200+2800
7.	कम्प्यूटर आपरेटर	02	5200-20200+2400
8.	सहायक ग्रेड-3	03	5200-20200+1900
9.	वाहन चालक	02	5200-20200+1900
10.	भृत्य सह चौकीदार	03	4750-7440+1300
	कुल पदों की संख्या	**19**	

उपरोक्त पदों की पूर्ति सीधी भरती/प्रतिनियुक्ति से की जा सकेगी.

9. बोर्ड अपने अधिकारियों/कर्मचारियों को शासन के कर्मचारियों के समान वेतन-भत्ते एवं सुविधाएं तथा अतिरिक्त आवश्यकतानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु सक्षम होगा.

10. बोर्ड प्राप्त वित्तीय एवं प्रशासनिक शक्तियों का विकेन्द्रीकरण अपने अधिकारियों के बीच कर सकेगा.

11. कर्मचारियों के हित में भविष्य निधि, ग्रेज्युटी एवं अन्य कल्याणकारी निधियां तथा योजनाएं लागू की जा सकेगी.

12. **बजट, वित्त, लेखा एवं आडिट :—**

1. राज्य शासन द्वारा बोर्ड को विभिन्न योजनाओं के संचालन तथा कर्मचारियों को अनुदान उपलब्ध करायेगा.

2. बोर्ड द्वारा किसी सामान्य या विशेष अधिकार के तहत बोर्ड के समस्त कार्यकलापों को सुचारू रूप से निर्वहन के लिये जहां भी ठीक समझे उन स्रोतों से धनराशि प्राप्त कर सकेगा.

3. बोर्ड द्वारा विकास निधि/कोष बनाकर प्राप्त धन/बचत धनराशि जमा कर सकेगा.

4. बोर्ड अपने अधिकारी/कर्मचारियों एवं हितग्राहियों के कल्याणार्थ कल्याण कोष की स्थापना कर सकेगा.

5. बोर्ड प्रत्येक वित्तीय वर्ष में निर्धारित प्रारूप एवं समयावधि में आगामी वित्तीय वर्ष के लिये अपना बजट संभावित प्राप्ति एवं व्ययों का आंकलन दर्शाते हुए तैयार करेगा तथा स्वीकृति के लिये राज्य शासन की ओर अग्रेषित करेगा.

6. बोर्ड प्रत्येक वित्तीय वर्ष में निर्धारित समयावधि एवं निर्धारित स्वरूप के अनुसार अपना वार्षिक प्रतिवेदन विगत वर्ष के गतिविधियों का पूर्ण विवरण देते हुये तैयार करेगा तथा उसकी एक प्रति राज्य शासन को प्रस्तुत करेगा.

7. बोर्ड की प्रकृति विकासात्मक होगी तथा हितग्राहियों के विकास एवं आर्थिक उन्नति के लिये होगी.

8. बोर्ड प्रतिवर्ष उपयुक्त ढंग से अपने लेखों का संधारण करेगा.

9. बोर्ड प्रतिवर्ष वार्षिक लेखा प्रपत्र तैयार करेगा तथा नियुक्त अंकेक्षक द्वारा अंकेक्षण करवायेगा.

10. प्रारंभिक अवस्था में बोर्ड के सफल संचालन हेतु वांछित धनराशि आकस्मिकता निधि से उपलब्ध कराई जावेगी.

13. **विविध :—**

1. राज्य शासन सार्वजनिक हित को दृष्टिगत रखते हुये बोर्ड को अधिक्रमित कर सकेगा.

2. बोर्ड के सभी सदस्य बोर्ड के अधिक्रमित होने की स्थिति में अपने पद को छोड़ देंगे.

3. बोर्ड के पुनर्गठन होने तक बोर्ड की सभी व नियंत्रित सम्पत्तियां राज्य शासन के अधीन रहेगी.

4. राज्य शासन को बोर्ड/संचालक मंडल को भंग करने, उसमें नियुक्त अध्यक्ष एवं सदस्यों को बदलने आदि का अधिकार होगा.

5. बोर्ड कुम्भकारों के विकास, कर्मचारियों/अधिकारियों के लिये कल्याणकारी योजनाएं तथा अन्य क्रियाकलापों के लिये नियम बनाने तथा नियम प्रक्रिया लागू करने हेतु सक्षम होगा.

6. बोर्ड को किराये पर भवन लेने और कार्यालय उपस्करों में व्यय करने का अधिकार होगा.

7. बोर्ड का मुख्यालय रायपुर में होगा.

8. बोर्ड इस संकल्प के पारित होने/छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से संकल्प अनुसार कार्य करना प्रारंभ कर देगा.

9. बोर्ड का पंजीयन उपरोक्तानुसार प्रावधानों को सम्मिलित करते हुए छत्तीसगढ़ सोसाइटी अधिनियम के अंतर्गत अथवा जैसा संचालक मंडल चाहे अन्य अधिनियमों के अंतर्गत किया जा सकेगा.

यह अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रभावशील होगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पि. रमेष कुमार, प्रमुख सचिव.

महिला एवं बाल विकास विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 22 अक्टूबर 2011

क्रमांक एफ 1-8/2011/मबावि/50.—केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड, नई दिल्ली के पत्र क्रमांक फा. सं. 1-32/2002/पुनर्गठन/रा.बो.प्र./छत्ती./619, दिनांक 05-09-2011 द्वारा दी गई सहमति के आधार पर राज्य शासन एतद्द्वारा श्रीमती चन्नी वर्मा, रायपुर को आदेश जारी दिनांक से तीन वर्ष के लिए अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य समाज कल्याण बोर्ड, रायपुर नियुक्त करता है.

No./F-1-8/2011/WCD/50.—The State Government hereby with the consent of Central Social Welfare Board, New Delhi vide their letter No. 1-32/2002/reconstitution/SBA/C.G./619, dated 05-09-2011 appoints Mrs. Channi Verma as Chairperson of the State Social Welfare Advisory Board Chhattisgarh for three years with effect from the date of issuance of this order.

रायपुर, दिनांक 25 अक्टूबर 2011

क्रमांक एफ 1-8/2011/मबावि/50.—राज्य शासन एतद्द्वारा केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड, नई दिल्ली की सहमति से राज्य समाज कल्याण बोर्ड, छत्तीसगढ़, रायपुर के अध्यक्ष पद पर श्रीमती चन्नी वर्मा, रायपुर की नियुक्ति विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 22-10-2011 जारी होने के दिनांक से 3 (तीन) वर्ष तक के लिए की गई है. राज्य समाज कल्याण बोर्ड के नियम तीन द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में

लाते हुए तथा केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड के पत्र फा. सं. 1-32/2002/पुनर्गठन/रा.बो.प्र./छत्ती./619, दिनांक 05-09-2011 द्वारा दी गई सहमति के आधार पर राज्य शासन द्वारा राज्य समाज कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ के लिये निम्नलिखित सदस्यों को नामांकित करता है :—

क्र. (1)	सदस्यों का नाम (2)	पद (3)
1.	श्रीमती अनिता सोनी, कांकेर	सदस्य
2.	श्रीमती किरण अग्रवाल, महासमुन्द	सदस्य
3.	श्रीमती खिलेश्वरी किरण, धमतरी	सदस्य
4.	श्रीमती माया चन्द्राकर, खेरथा-दुर्ग	सदस्य
5.	श्रीमती शशि ठाकुर, रायपुर	सदस्य
6.	सुश्री समीरा पैंकरा, मरवाही-बिलासपुर	सदस्य
7.	श्रीमती संगीता बंछोर, कसारी रोड, दुर्ग	सदस्य
8.	श्रीमती स्वाती शर्मा, रायपुर	सदस्य
9.	श्रीमती जानकी धुर्वा, आवापल्ली, दंतेवाड़ा	सदस्य

2. नामांकित सदस्यों का कार्यकाल, अध्यक्ष के कार्यकाल के अनुरूप होगा.

No./F-1-8/2011/WCD/50.—The State Government with the consent of Central Social Welfare Board, New Delhi has appointed Mrs. Channi Verma as Chairperson of the State Social Welfare Advisory Board Chhattisgarh Raipur vide its notification of even number dated 22-10-2011 for three years from the date of notification. In exercise of the powers conferred by rule-3 of the State Social Welfare Advisory Board and the consent of the Central Social Welfare Board vide their letter No. 1-32/2002/reconstitution/SBA/C.G./619, dated 05-09-2011, the State Government nominates the following members for the State Social Welfare Advisory Board Chhattisgarh.

S. No. (1)	Members Name (2)	Designation (3)
1.	Mrs. Anita Soni, Kanker	Member
2.	Mrs. Kiran Agrawal, Mahasamund	Member
3.	Mrs. Khileswari Kiran, Dhamtari	Member
4.	Mrs. Maya Chandrakar, Khertha, Durg	Member
5.	Mrs. Shashi Thakur, Raipur	Member
6.	Ms. Samira Paikra, Marwahi, Bilaspur	Member
7.	Mrs. Sangeeta Banchhor, Kasari Road, Durg	Member
8.	Mrs. Swati Sharma, Raipur	Member
9.	Mrs. Janki Dhurwa, Aawapalli, Dantewada	Member

2. The term of office of the members will be in conformity with that of the Chairperson of the Board.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सुब्रत साहू, सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 24 अप्रैल 2012

क्रमांक-एफ 7-03/2006/32.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा-13 की उपधारा (2) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद्द्वारा इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक-2021/2376/32/06 रायपुर दिनांक 10-11-2006 द्वारा गठित अभनपुर निवेश क्षेत्र में नीचे अनुसूची-एक में दिए गए ग्राम "झाँकी" को अपवर्जित करती है, पुनर्गठित अभनपुर निवेश क्षेत्र की सीमा नीचे अनुसूची दो में परिभाषित है :—

अनुसूची-एक

अभनपुर निवेश क्षेत्र से अपवर्जित क्षेत्र — छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा-64 की उपधारा (1) एवं (2) के अंतर्गत गठित नया रायपुर क्षेत्र के ग्राम-"झाँकी"

अनुसूची-दो

पुनर्गठित अभनपुर निवेश क्षेत्र की सीमा :—

उत्तर में : ग्राम-बिरोदा, बकतरा, उरला एवं गिरहोला ग्रामों की उत्तरी सीमा तक.

पूर्व में : ग्राम-गिरहोला, बेलभाठा, खोला एवं ठेलकाबांधा ग्रामों की पूर्वी सीमा तक.

दक्षिण में : ग्राम-ठेलकाबांधा, गातापारा, टोकरो एवं सातपारा ग्रामों की दक्षिणी सीमा तक.

पश्चिम में : ग्राम-सातपारा, गोतियारडीह, आमनेर, अभनपुर तथा बिरोदा ग्रामों की पश्चिमी सीमा तक.

No. F-7-03/2006/32.—In exercise of the power conferred by clause (a) of sub-section (2) of section 13 of the Chhattisgarh Nagar That Gram Nivesh Adhiniyam, 1973 (No. 23 of 1973), the State Government hereby excludes the area as given in Schedule-I below in Planning Area constituted by the Notification Abhanupur Planning Area is Dated 10-11-2006. The limit of reconstituted Abhanpur Planning Area is defined in Schedule-II given below :—

SCHEDULE-I

Area excluded from Abhanpur Planning Area— Village Jhahki of Naya Raipur Area constituted under sub-section (1) and (2) of Section 64 of Chhattisgarh Nagar Tatha Gram Nivesh Adhiniyam 1973 (No. 23 of 1973).

SCHEDULE-II

Reconstituted Abhanpur Planning Area limit—

NORTH : Village-Biroda, Baktara, Urla and upto the Northern limit of Village Girhola.

EAST : Village-Girhola, Belbhatha, Khola and upto the Eastern limit of Village Thelkabhandha.

SOUTH : Village-Thelkabhanda, Gatapara, Tokro and upto the Southern limit of Village Satpara.

WEST : Village-Satpara, Gotiyardih, Amner, Abhanpur and upto the Western limit of Village Biroda.

रायपुर, दिनांक 24 अप्रैल 2012

क्रमांक-एफ 7-17/2012/32.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा-13 की उपधारा (1) के अंतर्गत राज्य शासन एतद्द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए करतला, निवेश क्षेत्र, जिला कोरबा का गठन करती है जिसकी सीमाएं नीचे दी गई अनुसूची में परिनिश्चत की गई है :—

अनुसूची

करतला, निवेश क्षेत्र की सीमाएं

उत्तर में : ग्राम बताती, परसखेत, मदनपुर, धौराभाठा, चचिया, कटकोना एवं बरपाली ग्रामों की उत्तरी सीमा तक.
पूर्व में : ग्राम बरपाली, जिल्गा, तौलीपाली, कुदमुरा, कलगामार एवं चोरभट्टी ग्रामों की पूर्वी सीमा तक.
दक्षिण में : ग्राम चोरभट्टी, टिमनभौना, करतला, कोटमेर, श्रीमार, बोड़ाझाप, डोंगाआमा एवं ढोंगदरहा ग्रामों की दक्षिणी सीमा तक.
पश्चिम में : ग्राम ढोंगदरहा, नोनबीरा, सकदूकला, कोटमेर एवं बताती ग्रामों की पश्चिमी सीमा तक.

रायपुर, दिनांक 24 अप्रैल 2012

क्रमांक-एफ 7-18/2012/32.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा-13 की उपधारा (1) के अंतर्गत राज्य शासन एतद्द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए पाली, निवेश क्षेत्र, जिला कोरबा का गठन करती है जिसकी सीमाएं नीचे दी गई अनुसूची में परिनिश्चत की गई है :—

अनुसूची

पाली, निवेश क्षेत्र की सीमाएं

उत्तर में : ग्राम पोंड़ी, सैला मादन, पाली धौराभाठा एवं नुनेरा ग्रामों की उत्तरी सीमा तक.
पूर्व में : ग्राम नुनेरा एवं नुनेरा ग्रामों की पूर्वी सीमा तक.
दक्षिण में : ग्राम नुनेरा, करतली, तेन्दूभाठा, मुनगाडीह, तालपार एवं ठुकूपथरा ग्रामों की दक्षिणी सीमा तक.
पश्चिम में : ग्राम ठुकूपथरा एवं पोंडी ग्रामों की पश्चिमी सीमा तक.

रायपुर, दिनांक 24 अप्रैल 2012

क्रमांक-एफ 7-19/2012/32.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा-13 की उपधारा (1) के अंतर्गत राज्य शासन एतद्द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए पोड़ी-उपरोड़ा, निवेश क्षेत्र, जिला कोरबा का गठन करती है जिसकी सीमाएं नीचे दी गई अनुसूची में परिनिश्चत की गई है :—

अनुसूची

पोड़ी-उपरोड़ा, निवेश क्षेत्र की सीमाएं

उत्तर में : ग्राम गुरसिया, लेपरा, बांगो एवं एतमा ग्रामों की उत्तरी सीमा तक.
पूर्व में : ग्राम एतमा, नवापारा, पोंडी, उपरोड़ा, गाड़ाघाट एवं पाथा ग्रामों की पूर्वी सीमा तक.
दक्षिण में : ग्राम पाथा, कोड़ा, गुडरूमुंडा, तानाखार एवं बरपाली ग्रामों की दक्षिणी सीमा तक.
पश्चिम में : ग्राम बरपाली, दादर, मंगलपहाड़, कोनकोना एवं गुरसिया ग्रामों की पश्चिमी सीमा तक.

रायपुर, दिनांक 24 अप्रैल 2012

क्रमांक-एफ 7-20/2012/32.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा-13 की उपधारा (1) के अंतर्गत राज्य शासन एतद्द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए दरबा, निवेश क्षेत्र, जिला धमतरी का गठन करती है जिसकी सीमाएं नीचे दी गई अनुसूची में परिनिश्चत की गई है :—

अनुसूची

दरबा, निवेश क्षेत्र की सीमाएं

उत्तर में : ग्राम करगा, भरदा एवं खुरसेंगा ग्रामों की उत्तरी सीमा तक.
पश्चिम में : ग्राम खुरसेंगा, मुरा, जामगांव, मुल्ले अंवरी, सोनपुर, नवागांव, मरौद एवं बंजारी ग्रामों की पश्चिमी सीमा तक.
दक्षिण में : ग्राम बंजारी, अटंग एवं सिवनीकला ग्रामों की दक्षिणी सीमा तक.
पूर्व में : ग्राम सिवनीकला, गातापार, सिर्री, ढेठा, कोटगांव एवं करगा ग्रामों की पूर्वी सीमा तक.

रायपुर, दिनांक 24 अप्रैल 2012

क्रमांक-एफ 7-21/2012/32.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा-13 की उपधारा (1) के अंतर्गत राज्य शासन एतद्द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए आमदी, निवेश क्षेत्र, जिला धमतरी का गठन करती है जिसकी सीमाएं नीचे दी गई अनुसूची में परिनिश्चत की गई है :—

अनुसूची

आमदी, निवेश क्षेत्र की सीमाएं

उत्तर में : ग्राम मड़ईभाठा, मोखा एवं अमलीडीह ग्रामों की उत्तरी सीमा तक.
पश्चिम में : ग्राम अमलीडीह, बागतराई, कुर्रा, रांवा, आमदी, परसतराई एवं खरतुली ग्रामों की पश्चिमी सीमा तक.
दक्षिण में : ग्राम खरतुली, लोहरसी, पोटियाडीह एवं भानपुरी ग्रामों की दक्षिणी सीमा तक.
पूर्व में : ग्राम भानपुरी, तरसींवा, रावां, कुर्रा, बागतराई एवं मड़ईभाठा ग्रामों की पूर्वी सीमा तक.

रायपुर, दिनांक 24 अप्रैल 2012

क्रमांक-एफ 7-22/2012/32.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेशं अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा-13 की उपधारा (1) के अंतर्गत राज्य शासन एतद्द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए छुरी, निवेश क्षेत्र, जिला कोरबा का गठन करती है जिसकी सीमाएं नीचे दी गई अनुसूची में परिनिश्चत की गई है :—

अनुसूची

छुरी, निवेश क्षेत्र की सीमाएं

उत्तर में : ग्राम केनाडांड, दर्राभाठा, गांगपुर एवं छुरीखुर्द ग्रामों की उत्तरी सीमा तक.
पूर्व में : ग्राम छुरीखुर्द, धनरास एवं बनचर ग्रामों की पूर्वी सीमा तक.
दक्षिण में : ग्राम बनचर, जटांगपुर, कसरेंगा एवं छुरीकला ग्रामों की दक्षिणी सीमा तक.
पश्चिम में : ग्राम छुरीकला, सलोरा, बिसनपुर एवं केनाडांड ग्रामों की पश्चिमी सीमा तक.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. एस बजाज, विशेष सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 23 अप्रैल 2012

फा. क्र. 3409/1222/21-ब/छ.ग./2012.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 234 एवं छत्तीसगढ़ निम्नतर न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा शर्तें) नियम, 2006 के नियम 5 (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की अनुशंसा से, एतद्द्वारा, श्री उमेश कुमार उपाध्याय, आत्मज-स्व. श्री रमेश कुमार उपाध्याय, (श्रेणी-अनारक्षित, मेरिट क्र.-15) को उनके द्वारा पदभार ग्रहण करने के दिनांक से छत्तीसगढ़ निम्नतर न्यायिक सेवा (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम, 2006 के नियम 3 (1) (ए) के अंतर्गत, दो वर्ष की परिवीक्षा पर या आगामी आदेश तक कनिष्ठ वेतनमान रुपये 27700-770-33090-920-40450-1080-44770 में व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) के पद पर अस्थाई रूप से नियुक्त करते हैं.

रायपुर, दिनांक 23 अप्रैल 2012

फा. क्र. 3411/853/21-ब/छ.ग./2012.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 234 एवं छत्तीसगढ़ निम्नतर न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा शर्तें) नियम, 2006 के नियम 5 (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की अनुशंसा से, एतद्द्वारा, श्री गीतेश कुमार कौशिक, आत्मज श्री गोविन्द प्रसाद कौशिक, (श्रेणी-अन्य पिछड़ा वर्ग, मेरिट क्र.-25) को उनके द्वारा पदभार ग्रहण करने के दिनांक से छत्तीसगढ़ निम्नतर न्यायिक सेवा (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम, 2006 के नियम 3 (1) (ए) के अंतर्गत, दो वर्ष की परिवीक्षा पर या आगामी आदेश तक कनिष्ठ वेतनमान रुपये 27700-770-33090-920-40450-1080-44770 में व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) के पद पर अस्थाई रूप से नियुक्त करते हैं.

रायपुर, दिनांक 23 अप्रैल 2012

फा. क्र. 3413/953/21-ब/छ.ग./2012.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 234 एवं छत्तीसगढ़ निम्नतर न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा शर्तें) नियम, 2006 के नियम 5 (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की अनुशंसा से, एतद्द्वारा, श्रीमती सीमा चन्द्राकर, पति डॉ. चौलेश्वर चन्द्राकर, (श्रेणी-अन्य पिछड़ा वर्ग, मेरिट क्र.-26) को उनके द्वारा पदभार ग्रहण करने के दिनांक से छत्तीसगढ़ निम्नतर न्यायिक सेवा (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम, 2006 के नियम 3 (1) (ए) के अंतर्गत, दो वर्ष की परिवीक्षा पर या आगामी आदेश तक कनिष्ठ वेतनमान रुपये 27700-770-33090-920-40450-1080-44770 में व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) के पद पर अस्थाई रूप से नियुक्त करते हैं.

रायपुर, दिनांक 23 अप्रैल 2012

फा. क्र. 3415/1775/21-ब/छ.ग./2012.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 234 एवं छत्तीसगढ़ निम्नतर न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा शर्तें) नियम, 2006 के नियम 5 (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की अनुशंसा से, एतद्द्वारा, कु. प्रियंका टेंभुरकर, पिता श्री पुरननाथ टेंभुरकर (श्रेणी-अनुसूचित जाति, मेरिट क्र.-18) को उनके द्वारा पदभार ग्रहण करने के दिनांक से छत्तीसगढ़ निम्नतर न्यायिक सेवा (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम, 2006 के नियम 3 (1) (ए) के अंतर्गत, दो वर्ष की परिवीक्षा पर या आगामी आदेश तक कनिष्ठ वेतनमान रुपये 27700-770-33090-920-40450-1080-44770 में व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) के पद पर अस्थाई रूप से नियुक्त करते हैं.

रायपुर, दिनांक 23 अप्रैल 2012

फा. क्र. 3417/916/21-ब/छ.ग./2012.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 234 एवं छत्तीसगढ़ निम्नतर न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा शर्तें) नियम, 2006 के नियम 5 (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की अनुशंसा से, एतद्द्वारा, कु. श्वेता श्रीवास्तव, आत्मज श्री केशव नारायण श्रीवास्तव, (श्रेणी-अनारक्षित, मेरिट क्र.-11) को उनके द्वारा पदभार ग्रहण करने के दिनांक से छत्तीसगढ़ निम्नतर न्यायिक सेवा (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम, 2006 के नियम 3 (1) (ए) के अंतर्गत, दो वर्ष की परिवीक्षा पर या आगामी आदेश तक कनिष्ठ वेतनमान रुपये 27700-770-33090-920-40450-1080-44770 में व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) के पद पर अस्थाई रूप से नियुक्त करते हैं.

रायपुर, दिनांक 25 अप्रैल 2012

संशोधन आदेश

क्र. 3455/1096/21-ब/छ.ग./2012.—श्री देवेन्द्र साहू आत्मज श्री राधेश्याम साहू, को व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) के पद पर नियुक्ति के संबंध में इस विभाग द्वारा जारी आदेश क्रमांक 2842/1096/21-ब/छ.ग./2012 दिनांक 07-04-2012 के पृष्ठांकन के बिन्दु क्रमांक 1 में गृह जिला "बिलासपुर" के स्थान पर "बेमेतरा" पढ़ा जावे.

रायपुर, दिनांक 25 अप्रैल 2012

संशोधन आदेश

क्र. 3457/853/21-ब/छ.ग./2012.—श्री गीतेश कुमार कौशिक पिता श्री गोविन्द्र प्रसाद कौशिक, को व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) के पद पर नियुक्ति के संबंध में इस विभाग द्वारा जारी आदेश क्रमांक 3411/853/21-ब/छ.ग./2012 दिनांक 23-04-2012 के पंक्ति 4 में मेरिट क्रमांक-25 के स्थान पर "16" पढ़ा जावे.

रायपुर, दिनांक 25 अप्रैल 2012

संशोधन आदेश

क्र. 3459/953/21-ब/छ.ग./2012.—श्रीमती सीमा चन्द्राकर पति डॉ. चौलेश्वर चन्द्राकर, को व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) के पद पर नियुक्ति के संबंध में इस विभाग द्वारा जारी आदेश क्रमांक 3413/953/21-ब/छ.ग./2012 दिनांक 23-04-2012 के पंक्ति 4 में मेरिट क्रमांक-26 के स्थान पर "17" पढ़ा जावे.

रायपुर, दिनांक 25 अप्रैल 2012

संशोधन आदेश

क्र. 3461/1775/21-ब/छ.ग./2012.—कु. प्रियंका टेंभुरकर पिता श्री पुरननाथ टेंभुरकर, को व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) के पद पर नियुक्ति के संबंध में इस विभाग द्वारा जारी आदेश क्रमांक 3415/1775/21-ब/छ.ग./2012 दिनांक 23-04-2012 के पंक्ति 4 में मेरिट क्रमांक-18 के स्थान पर "26" पढ़ा जावे.

रायपुर, दिनांक 25 अप्रैल 2012

क्र. 3472/1268/21-ब/छ.ग./2012.—राज्य शासन, एतद्द्वारा इस संबंध में पूर्व में जारी सभी आदेशों को अतिष्ठित करते हुए महाधिवक्ता कार्यालय से भिन्न न्यायालयों/अधिकरणों में नियुक्त शासकीय अभिभाषक/अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक, पैनल लायर्स के लिए दिनांक 25-04-2012 से पारिश्रमिक का निम्न दर निश्चित करता है :—

	पद का नाम		पुनरीक्षित फीस दर
(अ)	शासकीय अभिभाषक एवं लोक अभियोजक	(क)	500/- (रु. पांच सौ) प्रतिदिन एक घंटे से कम कार्य करने के लिए.
		(ख)	रु. 1000/- (रु. एक हजार) प्रतिदिन एक घंटे से अधिक कार्य करने के लिए अधिकतम रु. 22,000/- (रु. बाईस हजार) प्रतिमाह.
(ब)	अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/अतिरिक्त लोक अभियोजक.	(क)	500/- (रु. पांच सौ) प्रतिदिन एक घंटे से कम कार्य करने के लिए.
		(ख)	रु. 1000/- (रु. एक हजार) प्रतिदिन एक घंटे से अधिक कार्य करने के लिए, अधिकतम रु. 20,000/- (रु. बीस हजार) प्रतिमाह.
(स)	शासकीय अभिभाषक एवं लोक अभियोजक एवं अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/अतिरिक्त लोक अभियोजक का रिटेनर फीस.		रु. 4,000/- (रु. चार हजार) प्रतिमाह.

(2) पैनल लायर्स जो शासकीय अभिभाषक/अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक की अनुपस्थिति में कार्य करते हैं :—

	प्रकरणों का प्रकार		पुनरीक्षित फीस दर
(अ)	आपराधिक प्रकरणों में—सत्र प्रकरणों/फौजदारी अपील/पुनरीक्षण (सत्र न्यायालयों में)	(क)	400/- (रु. चार सौ) प्रतिदिन एक घंटे से कम कार्य करने के लिए.
		(ख)	रु. 800/- (रु. आठ सौ) प्रतिदिन एक घंटे से अधिक कार्य करने के लिए.
(ब)	सत्र न्यायालयों में अंकिचन अभियुक्तों का पक्ष समर्थन हेतु शुल्क.		रु. 800/- (रु. आठ सौ) प्रति प्रभावी तिथि अधिकतम रु. 4000/- (रु. चार हजार) प्रति प्रकरण अंतिम निर्णय होने पर.

निम्नलिखित परिस्थितियों में प्रकरणों में न्यायालयीन कार्यवाही न होने की स्थिति में किसी भी प्रकार की फीस का भुगतान देय नहीं होगा :—

(1) नियत तिथि को अचानक न्यायालयीन कार्यवाही स्थगित होने पर,

(2) किसी भी पक्ष द्वारा किसी भी कारण से प्रकरणों की तिथि स्थगित किये जाने हेतु दिये गये आवेदन पत्र पर,

(3) अभियुक्त/गवाह के अनुपस्थिति होने के कारण.

इस संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या-29-न्याय प्रशासन-2014-न्याय प्रशासन (114) कानूनी सलाहकार और परामर्शदाता-3572/मुफस्सिल स्थापना-010-व्यवसायिक और विशेष सेवाओं के लिए अदायगियां-006-अभिभाषकों के शुल्क के अंतर्गत विकलनीय होगा.

यह सहमति वित्त विभाग के यू.ओ. क्र. 167/00001936 वित्त विभाग/ब-3/2012 दिनांक 23-04-2012 द्वारा प्रदान की गयी है.

रायपुर, दिनांक 28 अप्रैल 2012

फा. क्र. 3537/1126/21-ब/छ.ग./2012.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 234 एवं छत्तीसगढ़ निम्नतर न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा शर्तें) नियम, 2006 के नियम 5 (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की अनुशंसा से, एतद्द्वारा, कु. श्वेता आत्मज श्री विपिन कुमार उपाध्याय (श्रेणी-अनारक्षित, मेरिट क्र.-13) को उनके द्वारा पदभार ग्रहण करने के दिनांक से छत्तीसगढ़ निम्नतर न्यायिक सेवा (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम, 2006 के नियम 3 (1) (ए) के अंतर्गत, दो वर्ष की परिवीक्षा पर या आगामी आदेश तक कनिष्ठ वेतनमान रुपये 27700-770-33090-920-40450-1080-44770 में व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) के पद पर अस्थाई रूप से नियुक्त करते हैं.

रायपुर, दिनांक 28 अप्रैल 2012

फा. क्र. 3538/1271/21-ब/छ.ग./2012.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 234 एवं छत्तीसगढ़ निम्नतर न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा शर्तें) नियम, 2006 के नियम 5 (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की अनुशंसा से, एतद्द्वारा, श्री विवेक गर्ग, आत्मज श्री बनवारी लाल गर्ग, (श्रेणी-अनारक्षित, मेरिट क्र.-04) को उनके द्वारा पदभार ग्रहण करने के दिनांक से छत्तीसगढ़ निम्नतर न्यायिक सेवा (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम, 2006 के नियम 3 (1) (ए) के अंतर्गत, दो वर्ष की परिवीक्षा पर या आगामी आदेश तक कनिष्ठ वेतनमान रुपये 27700-770-33090-920-40450-1080-44770 में व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) के पद पर अस्थाई रूप से नियुक्त करते हैं.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. के. सामंतराय, सचिव.

रायपुर, दिनांक 20 अप्रैल 2012

क्रमांक/3380/21-ब/छ.ग./2012.—राज्य शासन, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली के कार्यालयीन ज्ञापन क्र. 1(1)/2012-E-II (B) दिनांक 03-04-2012 के अनुसार, छ.ग. राज्य न्यायिक सेवा के अधिकारियों के महंगाई भत्ते में केन्द्र के समान वृद्धि करते हुए, दिनांक 01-01-2012 से 58 प्रतिशत के स्थान पर 65 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिये जाने की स्वीकृति एतद्द्वारा प्रदान करता है.

इस संबंध में वित्त विभाग के यू.ओ. क्रमांक 161/00001532/वित्त विभाग/ब-3/2012, दिनांक 18-04-2012 के द्वारा सहमति प्रदान की गई है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. तिवारी, अतिरिक्त सचिव.

रायपुर, दिनांक 27 अप्रैल 2012

क्रमांक/3511/21-ब/छ.ग./2012.—श्री विशोक खरे को विभागीय आदेश क्रमांक-2331/912/21-ब/छ.ग./2008 दिनांक 14 मार्च 2008 के द्वारा एक वर्ष की परिवीक्षा अवधि के लिए अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/अतिरिक्त लोक अभियोजक-मनेन्द्रगढ़ के लिए नियुक्त किया गया था, जिनका कार्यकाल समाप्त हो चुका है तथा नई नियुक्ति हेतु पैनल आहुत किया गया है.

यथा निर्देशानुसार यह सूचित किया जाता है कि जब तक उक्त पद पर नई नियुक्ति नहीं हो जाती, तब तक आप विधि विभाग नियमावली के नियम 18 के प्रावधानों के अंतर्गत मनेन्द्रगढ़, जिला कोरिया, में अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/अतिरिक्त लोक अभियोजक का कार्य करते रहेंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पी. एन. त्रिपाठी, उप-सचिव.

ऊर्जा विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 11 मई 2012

क्रमांक एफ 1-9/2008/13-1.—छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित के अंतर्नियमों की कंडिका 77 (iv) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार श्री सी. पी. पांडे, संचालक, परियोजना, छ.ग. राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित जिनकी मूल पदस्थापना विद्युत उत्पादन कंपनी में कार्यपालक निदेशक के पद पर है. चूंकि श्री पांडे की अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर दिनांक 30-04-2012 को उक्त पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं अत: राज्य शासन उन्हें संचालक परियोजना के पद से कार्यमुक्त करती है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
उमेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव.

आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 28 अप्रैल 2012

क्रमांक/एफ 10-4/2012/25-2.—राज्य शासन एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य की अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों की सूची के सरल क्रमांक 01 पर अंकित जातियों अहीर, ब्रजवासी, गवली, गोली, जादव (यादव) बरगाही, बरगाह, ठेठवार, राउत, गोवारी (ग्वारी) गोवरा, गवारी, ग्वारा, गोवारी, महाकुल (राउत) महकुल, गोप, ग्वाली, लिंगायत के बाद "यादव, राऊत एवं ग्वाला" जातियों को सम्मिलित करता है, विवरण एवं कैफियत निम्नानुसार है :—

स. क्र.	जाति का नाम	परम्परागत व्यवसाय	कैफियत
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	यादव	पशुपालन, दुग्ध व्यवसाय करने वाली जाति	इसमें यादव राजपूत शामिल नहीं है.
2.	राऊत	पशुपालन, दुग्ध विक्रय एवं गाय, बैल, भैंस आदि पशु चराना.	इसमें ब्राम्हण राऊत एवं राजपूत राऊत शामिल नहीं है.
3.	ग्वाला	—,,—	—,,—

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनिल चौधरी, उप-सचिव.

जनसम्पर्क विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 2 मई 2012

क्रमांक एफ 04-05/2012/समन्वय/चौबीस.—राज्य शासन एतद्द्वारा राज्य में कार्यरत संचार प्रतिनिधियों के लिए छत्तीसगढ़ संचार प्रतिनिधि व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना, 2012 लागू की जाती है. योजना के मुख्य प्रावधान निम्नानुसार होंगे :—

1. यह योजना राज्य शासन द्वारा राजपत्र में अधिसूचित दिनांक से प्रभावशील होगी.

2. संचार प्रतिनिधि का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा रुपये पांच लाख का होगा. इस योजना में ऐसे सभी संचार प्रतिनिधियों को जिनकी आयु 21 से 70 वर्ष के मध्य हो एवं जो समाचार संकलन/सम्पादन से जुड़े हों तथा सम्बन्धित मीडिया संस्था के Pay Roll में हों को शामिल किया जायेगा. प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के मालिक/प्रबंधन से जुड़े लोगों को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा.

3. छत्तीसगढ़ संचार प्रतिनिधि व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना उन सभी संचार प्रतिनिधियों पर लागू होगी जो छत्तीसगढ़ में निवास करते हैं और जिनका कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ है. संचार प्रतिनिधि का निवास बीमा के आवेदन पत्र में उल्लेखित कार्यस्थल/पदस्थापना के स्थान पर होना आवश्यक है.

4. दुर्घटना बीमा की अवधि एक वर्ष होगी. बीमा राशि, बीमित संचार प्रतिनिधि की दुर्घटना में मृत्यु अथवा स्थाई अपंगता की स्थिति में देय होगी. संचार प्रतिनिधि को बीमा अवधि पूर्ण होने के पूर्व नये वर्ष के लिये बीमा कराने के लिये पुन: समस्त वांछनीय कार्यवाही पूर्ण करनी होगी.

5. संचार प्रतिनिधि द्वारा अंशदान की राशि जमा करने का अर्थ बीमा होना नहीं होगा, विभाग द्वारा पूर्ण कार्यवाही करने के बाद बीमा कम्पनी द्वारा बीमा होने के संबंध में जारी अनुबंध के दिनांक से बीमा लागू होना माना जायेगा. बीमित संचार प्रतिनिधि को बीमा कम्पनी से क्लेम प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र में नामांकित (नॉमिनी) घोषित करना होगा.

6. संचार प्रतिनिधियों का दुर्घटना बीमा सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी या बीमा क्षेत्र में ख्याति प्राप्त निजी क्षेत्र की बीमा कंपनी जो न्यूनतम प्रीमियम पर बीमा ऑफर करेगी, से कराया जायेगा. प्रत्येक वर्ष बीमा कंपनी द्वारा रुपये पांच लाख के दुर्घटना बीमा के लिए निर्धारित वार्षिक प्रीमियम की पच्चीस प्रतिशत राशि का अंशदान सम्बन्धित बीमित संचार प्रतिनिधि को करना होगा.

7. दुर्घटना होने की अधिकतम सात दिवस के भीतर बीमा करने वाली कम्पनी के जिला कार्यालय को सूचित करना आवश्यक होगा. बीमा धारक की दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके द्वारा नामांकित सदस्य (नॉमिनी) अथवा स्थायी अपंगता/अशक्तता होने पर स्वयं बीमा धारक को दावा के लिये निर्धारित प्रपत्र में सूचना, पुलिस में दर्ज कराई गई एफ.आई.आर. की प्रति, पोस्टमार्टम रिपोर्ट या मेडिकल बोर्ड का प्रमाण-पत्र जैसी भी स्थिति हो, मृत्यु प्रमाण पत्र और नामांकित सदस्य का प्रमाण बीमा करने वाली कम्पनी के कार्यालय को बीमा पॉलिसी में निर्दिष्ट समयावधि में जमा कराने होंगे.

8. उक्त योजना के क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकार नियम बनायेगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. के. त्यागी, विशेष सचिव.

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला सूरजपुर, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

सूरजपुर, दिनांक 17 अप्रैल 2012

रा.प्र.क्र. 5/अ-82 /2011-2012.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) संशोधित भू-अर्जन अधिनियम, 1984 की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5(अ) के उपबन्ध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे. क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबन्ध उसके संबंध में लागू होते हैं :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2)	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (आरे में)	के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सूरजपुर	भैयाथान	तेलगांव	0.08 आरे	मुख्य महाप्रबंधक, एस.ई.सी.एल. भटगांव.	रेल्वे साईडिंग हेतु

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी, सूरजपुर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. भारती दासन, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला जांजगीर-चांपा, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

जांजगीर-चांपा, दिनांक 11 अप्रैल 2012

क्रमांक-क/भू-अर्जन/62.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) संशोधित भू-अर्जन अधिनियम, 1984 की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2)	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
जांजगीर-चांपा	बलौदा	जर्वे प.ह.नं. 38	0.133	कार्यपालन अभियन्ता, हसदेव बॅराज जल प्रबंध संभाग, रामपुर/कोरबा.	सिंचाई कालोनी जर्वे पहुंच मार्ग निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण भू-अर्जन अधिकारी, हसदेव परियोजना, जांजगीर के कार्यालय में किया जा सकता है.

जांजगीर-चांपा, दिनांक 15 मई 2012

क्रमांक-क/भू-अर्जन/1350.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) संशोधित भू-अर्जन अधिनियम, 1984 की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
जांजगीर-चांपा	पामगढ़	डिघोरा प.ह.नं. 03	0.916	कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर.	भरारी व्यपवर्तन योजना के शीर्ष कार्य एवं पहुंच मार्ग निर्माण.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पामगढ़ के कार्यालय में किया जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ब्रजेश चन्द्र मिश्र, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

कबीरधाम, दिनांक 14 मई 2012

रा.प्रकरण क्र. 06 अ-82/2011-12.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
कबीरधाम	पंडरिया	कोंदवागोडान प. ह. नं. 08	12.654	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कवर्धा, जिला कबीरधाम.	कोदवा किलकिला व्यपवर्तन योजना के नहर कार्य हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पंडरिया के कार्यालय में देखा जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मुकेश बंसल, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला जशपुर, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

जशपुर, दिनांक 9 मई 2012

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक/01/अ-82/2011-12.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
जशपुर	पत्थलगांव	घरजियाबथान प. ह. नं. 18	1.779	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन, धरमजयगढ़, जिला रायगढ़ (छ.ग.)	घरजियाबथान जलाशय के डूबान क्षेत्र का पूरक भू-अर्जन.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/भू-अर्जन अधिकारी, पत्थलगांव के कार्यालय में देखा जा सकता है.

जशपुर, दिनांक 9 मई 2012

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक/02/अ-82/2011-12.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
जशपुर	पत्थलगांव	लोकेर प. ह. नं. 24	5.794	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन, धरमजयगढ़, जिला रायगढ़ (छ.ग.)	लोकेर जलाशय योजना की आर.बी.सी. मुख्य नहर का भू-अर्जन, प्रकरण.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/भू-अर्जन अधिकारी, पत्थलगांव के कार्यालय में देखा जा सकता है.

जशपुर, दिनांक 9 मई 2012

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक/03/अ-82/2011-12.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
जशपुर	पत्थलगांव	बालाझार प. ह. नं. 15	0.180	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन, धरमजयगढ़, जिला रायगढ़ (छ.ग.)	बालाझार जलाशय योजना के मुख्य नहर का पूरक भू-अर्जन प्रकरण.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/भू-अर्जन अधिकारी, पत्थलगांव के कार्यालय में देखा जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अंकित आनन्द, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ एवं पदेन संयुक्त सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

बिलासपुर, दिनांक 9 मई 2012

